श्री आर० एस० लाहौरिया, एयरपोर्ट निदेशक के साथ आयोजित बैठक में बिहार चैम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज की ओर से प्रस्तुत प्रमुख बिन्दुएं

आपसभी जानते हैं कि इन दिनों पटना एयरपोर्ट पर आने–जानेवाले यात्रियों की संख्या में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है इसी को देखते हुए रात्री फलाइट सेवा भी प्रारम्भ की गयी है । एयरपोर्ट का विस्तार हो रहा है जिसमें श्री आर0 एस0 लाहौरिया जी का बहुत बड़ा योगदान है इसके लिए हम अपनी ओर से एवं बिहार चैम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज की ओर से हार्दिक धन्यवाद देते हैं । आज के इस अवसर पर हम कुछ प्रमुख बिन्दुओं पर श्री लाहौरिया जी का ध्यान आकृष्ट कराना चाहेंगे :–

– जाड़े के समय में कुहासा के कारण उड़ान के लिए परिस्थिति प्रतिकूल हो जाती है जिससे यात्रियों को काफी असुविधा का सामना करना पड़ता है । अतः कुहासा में परिचालन प्रभावित न हो इसके लिए All weather Landing Facility का सृजन पटना एयरपोर्ट पर भी शीघ्र किया जाना चाहिए । साथ ही पटना एयरपोर्ट पर कुहासा के कारण परिचालन में हो रही बाधाओं को ध्यान में रखते हुए वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में इसका परिचालन गया एयरपोर्ट से किया जाना चाहिए ।

– राज्य के अन्दर मुजफ्फरपुर, भागलपुर, पूर्णिया, रक्सौल आदि स्थानों के लिए क्षेत्रीय Connectivity होनी चाहिए तथा इन स्थानों के एयरपोर्ट के Infrastructure को सुदृढ़ किया जाना चाहिए ।

– Medical Urgency के समय आवश्यक रूप से एयरलिफटिंग की सुविधा प्रदान की जानी चाहिए ।

– पटना एयरपोर्ट पर यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए हवाई जहाज से उतरनेवाले एवं हवाई जहाज पर चढ़नेवाले यात्रियों के लिए Pick up & Drop Buses की सुविधा अवश्य प्रदान की जाए ।

– पटना से जयरपुर, पटना से काठमाण्डू, गया से वाराणसी एवं पटना से बागडोगरा के लिए सीधी फलाईट सेवा का प्रारम्भ किया जाना चाहिए ।

– पटना एयरपोर्ट पर यात्रियों के लिए Departure Hall का निर्माण इस प्रकार से किया जाए जिसमें बैठे यात्रियों को Aeroplane की Landing एवं Take off दिखाई दे सके साथ ही इसका निर्माण इस प्रकार से किया जाए की Arrival, Depature & Immigration for International Flights की सुविधा हो ।

– गया एयरपोर्ट को घरेलू उड़ान के लिए विकसित किया जाना चाहिए ।

क्रमशः.........2

– बिहटा एयरपोर्ट को उड़ान के लिए जल्द–से–जल्द विकसित किया जाना चाहिए ।

– पटना एयरपोर्ट के अन्दर Pick up एवं Drop के लिए जो निःशुल्क अवधि पूर्व से निर्धारित है जगह छोटा होने के कारण उस अवधि में Pick up एवं Drop का कार्य नहीं हो पाता है अतः पूर्व से निर्धारित समय जो 10 मिनट है उसे बढ़ाने की आवश्यकता है ।

– पटना एयरपोर्ट पर कनवेयर वेलट में बड़ा विज्ञापन बोर्ड लगे होने के कारण यात्रियों को अपना सामान Collect करने में काफी असुविधा होती है अतः विज्ञापन बोर्ड को हटाया जाना चाहिए या उसके आकार को छोटा किया जाना चाहिए जिससे कि यात्री अपना सामान सहजता से उठा सकें ।

– पटना एयरपोर्ट की सेवाओं को और बेहतर बनाने हेतु सलाहकार समिति में बिहार चैम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज को प्रतिनिधित्व प्रदान की जानी चाहिए ।

– पटना एयरपोर्ट पर यात्रियों के सामान का वजन मापने के लिए जो उपकरण लगे हैं वह सही वजन नहीं दे पा रहा है अतः समय–समय पर उपकरणों की जॉच होनी चाहिए ।

****

पटना
<u>दिनांक : 16 मई 2018</u>